प्रेषक

रघुबर सिंह
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट संख्याः 9, मुरादाबाद

सेवा में,

माननीय महानिबंधक महोदय,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय
मुरादाबाद।

विषयः मुझ रघुबर सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्याः 9, मुरादाबाद द्वारा स्वयं के नाम क्रय किये गये फ्लैटः टी–6/304, सनब्रीज–1 अपार्टमेंट, बी०बी०डी० ग्रीन सिटी, फैजाबाद रोड, लखनऊ की रजिस्ट्री की सूचना के परिप्रेक्ष्य में लगायी गयी आपत्ति के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भ में सादर अवगत कराना है कि––

(1) मुझ रघुबर सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्याः 9, मुरादाबाद, द्वारा स्वयं के नाम क्रय किये गये उपरोक्त फ्लैटः टी–6/304, सनब्रीज–1 अपार्टमेंट, बी०बी०डी० ग्रीन सिटी, फैजाबाद रोड, लखनऊ की मूल कीमत मु० 5458432/– रू० थी, जिसकी रजिस्ट्री हेतु मु० 383000/– रू० के ई–स्टाम्प के क्रय हेतु भुगतान मेरे द्वारा अपने वेतन खाते संख्या 30775385676 से दिनांक 15.03.2023 को जरिये एन०ई०एफ०टी० एवं उक्त रजिस्ट्री हेतु रजिस्ट्री शुल्क मु० 54590/– रू० एवं प्रतिलिपि शुल्क मु० 120/– रू० का भुगतान नकद, मेरे द्वारा रजिस्ट्री के समय दिनांक 27.03.2023 को निबंधन कार्यालय, लखनऊ में किया गया। इस प्रकार मुझ रघुबर सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्याः 9, मुरादाबाद द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष प्रेषित रजिस्ट्री संबंधी सूचना में, क्रयशुदा फ्लैट की मूल कीमत मु० 5458432/– रू० दर्शित करते हुए, उक्त फ्लैट की सम्पूर्ण कीमत मु० 5996142/– रू० अंकित करने के पश्चात, मु० 437710/– रू० की धनराशि का जो विवरण स्पष्ट नहीं किया गया था, वह मु० 437710/– रू० की धनराशि, उपरोक्त वर्णित– ई–स्टाम्प मु० 383000/– रू० व रजिस्ट्री शुल्क मु० 54590/– रू० व प्रतिलिपि शुल्क मु० 120/– रू०, की ही धनराशि है।

(2) महोदय उपरोक्त वर्णित फ्लैट की उक्त मूल कीमत मु० 5458432/– रू० में से मु० 4450000/– रू० का होमलोन, भारतीय स्टेट बैंक की शाखा ज्ञानपुर, भदोही से दिनांक 18.08.2018 को स्वीकृत कराया गया जिसका होमलोन एकाउन्ट नम्बर 37862055604 है, जबकि मु० 309270/– रू० का भुगतान जरिये चेक संख्या 425548 दिनांक 28.05.2014 को व मु० 194067/– रू० का भुगतान जरिये चेक संख्या 425556 दिनांक 17.02.2015 को, मेरे द्वारा अपने भारतीय स्टेट बैंक के वेतन

खाता संख्या 30775385676 से बतौर कैश डाउन पेमेंट किया गया, एवं मु० 505095/– रू० का भुगतान भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बैराज रोड, बिजनौर द्वारा मेसर्स विराज कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लि० के पक्ष में निर्गत डिमांड ड्राफ्ट संख्या 595615 दिनांकित 29.03.2016, जिसकी प्रति बतौर **एनेक्जर सं० 7** संलग्न की जा रही है (*जो कि मुझ रघुबर सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्याः 9, मुरादाबाद द्वारा ही इसी बिल्डर/डीलर–मेसर्स विराज कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लि०, लखनऊ से ही पूर्व में स्वयं के नाम ही, एक अन्य प्रोजेक्ट लोटस कोर्ट में आवंटित कराये गये फ़्लैट संख्याः 503/पंचम तल के संदर्भ में, भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बैराज रोड, बिजनौर द्वारा स्वीकृत किये गये होमलोन की निर्गत प्रथम किश्त की धनराशि थी, जिसका पूर्णरूप से पुनर्भुगतान मेरे द्वारा अपने भारतीय स्टेट बैंक के वेतन खाता संख्या 30775385676 से करने के पश्चात, उक्त आवंटित फ़्लैट संख्याः 503/पंचम तल के सन्दर्भ में कुछ तकनीकी व्यवधान उत्पन्न हो जाने के कारण, भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बैराज रोड, बिजनौर द्वारा मेरे उक्त लोन एकाउन्ट नम्बर 35659433980 को बंद कर, तत्संबंधी प्रमाणपत्र निर्गत कर दिया गया। तत्पश्चात मेरे द्वारा अपने आवंटितशुदा फ़्लैट संख्याः 503/पंचम तल, लोटस कोर्ट को परिवर्तित कराते हुए, इसी बिल्डर/डीलर–मेसर्स विराज कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लि०, लखनऊ के अन्य प्रोजेक्ट सनब्रीज अपार्टमेंट में फ़्लैट नंबरः टी०–6/304 आवंटित कराते हुए, पूर्व आवंटित फ़्लैट संख्याः 503/पंचम तल, लोटस कोर्ट हेतु, भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बैराज रोड, बिजनौर द्वारा निर्गत होमलोन की उपरोक्त धनराशि मु० 505095/– रू० को, नये आवंटित फ़्लैट नंबरः टी०–6/304 हेतु कैश डाउन पेमेंट के रूप में प्रयोग कर लिया*) के माध्यम से किया गया।

अतः श्रीमान जी से विनम्र अनुरोध है कि मेरी रजिस्ट्री की सूचना में दर्शित आपत्ति के परिप्रेक्ष्य में, उपरोक्त तथ्यों का सहानुभूतिपूर्वक संज्ञान लेने का कष्ट करें।

सादर

भवदीय

Raghubar Singh 03/04/24

दिनांकः 03.04.2024

(रघुबर सिंह)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट संख्याः 9, मुरादाबाद

संलग्नकः उपरोक्तानुसार